# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–18 नवम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जल की उपलब्धता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी से मिलकर काम करने का आग्रह किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जलवायु परिवर्तन आज के समय में जल चक्र को प्रभावित कर रहा है। नई दिल्ली में छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार दो हजार चौबीस और प्रथम जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार प्रदान करते हुए राष्ट्रपति ने यह बात कही।

***जल का सक्षम उपयोग एक वैश्विक अनिवार्यता है। हमारे देश के लिए जल का सक्षम उपयोग और भी अधिक आवश्यक है। क्योंकि हमारे देश की जनसंख्या की दृष्टि से हमारे जल संसाधन बहुत सीमित हैं। ऐसे स्थिति में सरकार और जनता को मिलकर वॉटर अवेलिबिलिटी और वॉटर सिक्योरिटी के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।***

कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ जिला, सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत, सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय, सर्वश्रेष्ठ संस्थान, सर्वश्रेष्ठ विद्यालय और सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति सहित दस श्रेणियों में छियालीस विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। पुरस्कार पाने वालों में गोरखपुर नगर निगम, मिर्जापुर, वाराणसी और जालौन जिले भी शामिल हैं।

**********

अयोध्या में पचीस नवम्बर को प्रस्तावित ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के आगमन से जुड़ी तैयारियों की आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा की। उन्होंने श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और निर्माण समिति के पदाधिकारियों तथा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर वहां की जा रही तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इससे पहले मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंच कर दर्शन पूजन भी किया। श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने आज बताया कि प्रधानमंत्री पचीस नवम्बर को अयोध्या में चार घंटे रहेंगे। एक रिपोर्ट–

***अपने दौरे की शुरुआत प्रधानमंत्री सप्त ऋषि मंदिर से करेंगे, जहां सातों ऋषियों की प्रार्थना की जाएगी। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुजारी उनके लिए विशेष पूजा–अर्चना संपन्न कराएंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री शेषावतार मंदिर का रुख करेंगे, जहां वे भगवान राम के अनन्य भक्त लक्ष्मण जी के सम्मुख आराधना करेंगे। पवित्र मुहूर्त के अनुसार प्रधानमंत्री राम मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वज पताका फहराएंगे। इसके बाद वे देश को संबोधित करेंगे और राम मंदिर निर्माण कार्य की पूर्णता की औपचारिक घोषणा भी करेंगे। अयोध्या से तन्मय सोनी की रिपोर्ट के साथ प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में बी से ए श्रेणी में उच्चीकृत क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला–आरएफएसएल के बहत्तर करोड़ अठहत्तर लाख की लागत से नये उच्चीकृत भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि कि आबादी की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य होने के बावजूद वर्ष दो हजार सत्रह से पहले उत्तर प्रदेश में सिर्फ चार फॉरेंसिक साइंस लैब थे। सरकार बनने के बाद तय किया गया कि हर कमिश्नरी में एक फॉरेंसिक साइंस लैब होनी चाहिए। इससे आठ वर्षों में इनकी संख्या बढ़कर बारह हो गई है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में करीब तीन सौ लोगों की समस्याएं सुनीं।

**********

प्रदेश भर में चार नवम्बर से विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर अभियान चलाया जा रहा है। यह चार दिसम्बर तक चलेगा। इसके तहत बीएलओ गणना प्रपत्र भरवा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में यह प्रपत्र भर कर बीएलओ को सौंप दिया। श्री योगी गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र में मतदाता हैं।

**********

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ बाइस सितम्बर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देशभर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***प्रमुख क्षेत्रों में कर की दरों को कम करके, ये सुधार उपभोक्ताओं के लिए वस्तुओं को अधिक किफायती बना रहे हैं और साथ ही स्थानीय व्यापारियों के आय आधार को मजबूत कर रहे हैं। जीएसटी में बदलाव से चाय क्षेत्र को लाभ होता दिख रहा है क्योंकि प्रसंस्कृत चाय पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। नए जीएसटी सुधारों का उद्देश्य उपभोक्ताओं के लिए सामर्थ्य बढ़ाना है। समर्थ के साथ नितिका गुप्ता, आकाशवाणी समाचार, नई दिल्ली।***

**********

सोनभद्र खदान हादसे में मरने वालों की संख्या सात हो गई है। वहां बचाव अभियान पूरा करने के बाद प्रशासन घटना स्थल का दूसरा निरीक्षण करवा रहा है। सोनभद्र के जिलाधिकारी ने बताया कि अब तक मिले सात शवों में से छह का अंतिम संस्कार किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के पीड़ितों के परिवारों को केंद्र और राज्य सरकारों से सहायता मिलेगी। पंद्रह नवम्बर को दोपहर बाद खदान धंसने से सोनभद्र में कई लोग दब गये थे।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी संभाग में चौबीस नवम्बर तक सुबह के समय कहीं कहीं हल्के कोहरे की संभावना जताई है। इस अवधि में मौसम शुष्क बना रहेगा।

**********